औद्योगिक घरानों से मिलकर प्रदेश के शहरों की सूरत बदलने में जुटी सरकार

दो दिसंबर को सीएम योगी बीएसई में लांच करेंगे लखनऊ नगर निगम का बांड

अमर उजाला ब्यूरो



लखनऊ। प्रदेश के सभी बड़े शहरों की सूरत बदलने को लेकर कवायद तेज हो गई है। इसमें बड़े औद्योगिक घरानों को भी साथ लिया जाएगा। इसके लिए लखनऊ की तर्ज पर प्रदेश के अन्य नगर निकायों के लिए बांड जारी करने की तैयारी है। मुंबई स्थित बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में दो दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लखनऊ नगर निगम के बांड को औपचारिक रूप से लांच करने के मौके पर कॉरपोरेट घरानों से इन मुद्दों पर बात भी होगी।

सरकार की इस पहल से प्रदेश के बड़े और महत्वपूर्ण शहरों के विकास, सौंदर्यीकरण व सफाई के खर्च के लिए निकाय जहां आसानी से वित्तीय संसाधन जुटाने में सक्षम होंगे, वहीं वित्तीय अनुशासन को भी बढ़ावा मिलेगा। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने बताया 2 दिसंबर को मुख्यमंत्री की ओर से बीएसई में लखनऊ नगर निगम का बांड लांच करने के साथ ही नगर विकास विभाग में एक बड़े बदलाव की शुरुआत हो जाएगी। जिस तरह लखनऊ नगर निगम के बांड को रेटिंग मिली है, उसको देखते हुए गाजियाबाद, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर और आगरा नगर निगमों के भी बांड जारी किए जाएंगे। आगामी तीन महीने में गाजियाबाद नगर निगम का बांड जारी कर दिया जाएगा। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री की मौजूदगी में देश के जाने-माने उद्यमियों से मुंबई में चर्चा भी होगी। लखनऊ नगर निगम की उपलब्धि का अनुकरण करते हुए अन्य स्थानीय निकायों को प्रोत्साहित करने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

यूपी में निवेश को लेकर उद्यमियों ने दिखाई दिलचस्पी

नगर विकास मंत्री ने बताया कि लखनऊ नगर निगम के बांड को 450 करोड़ का ऑफर मिलना इस बात का संकेत है कि निवेश को लेकर उद्यमियों की दिलचस्पी बढ़ी है। लखनऊ की तर्ज पर अन्य नगर निकायों के लिए बांड जारी करने से विकास को और गति मिलेगी। 10 साल के बांड का रेट ऑफ इंटरेस्ट 8.5 फीसदी की उछाल के साथ एक बहुत ही आकर्षक दर पर बंद हुआ, जो एक रिकॉर्ड है।

उद्योगपतियों और बॉलीवुड की हस्तियों से भी मिलेंगे सीएम

टंडन ने बताया कि सीएम योगी मुंबई में नरीमन प्वाइंट स्थित एक होटल में दिग्गज उद्योगपतियों, बॉलीवुड की नामचीन हस्तियों और बड़े बैंकर्स से मुलाकात करेंगे। इनमें एन चंद्रशेखरन चेयरमैन टाटा संस, डॉ. निरंजन हीरानंदानी चेयरमैन हीरानंदानी ग्रुप, एसएन सुब्रमण्यम चेयरमैन एलएंडटी, संजय नायर चेयरमैन केकेआर इंडिया एडवाइजर्स, सुप्रकाश चौधरी सीईओ सिमंस इंडस्ट्री, बाबा कल्यानी चेयरमैन भारत फोर्ज लिमिटेड, जसपाल बिंद्रा चेयरमैन सेंट्रम कैपिटल लिमिटेड। अमित नायर वाइस प्रेसीडेंट वन 97 कम्यूनिकेन, विकास जैन एके कैपिटल सर्विसेज, वरुण कौशिक एसोसिएट डायरेक्टर एके कैपिटल सर्विसेज। डिफेंस सेक्टर के नामी उद्यमी एसपी शुक्ल चेयरमैन एफआईसीसीआई डिफेंस एंड एरोस्पेस कमेटी, सुकरन सिंह सीईओ व एमडी टाटा एडवांस सिस्टम, सुशील कुमार एवीपी व हेड गर्वनमेंट इनोवेशन एंड स्किल डवलपमेंट टाटा टेक्नोलॉजी, हर्षवर्धन गुने हेड डिफेंस टाटा टेक्नोलॉजी, अशोक वाधवान चेयरमैन पीएलआर सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, टीएस दरबारी सीईओ व एमडी टैक्समैको डिफेंस सिस्टम, आशीष राजवंश हेड अडानी डिफेंस, कर्नल आरएस भाटिया, प्रेसीडेंट डिफेंस भारत फोर्ज, जेडी पाटिल होल टाइम डायरेक्टर व मेंबर ऑफ बोर्ड एलएंडटी, विजय सुजान सीईओ जेएनवी वेंचर्स इंडिया। फिल्म जगत से आनंद पंडित, मनमोहन शेट्टी, बोनी कपूर और सुभाष घई आदि। इस दौरान सीएम प्रदेश में निवेश, प्रस्तावित फिल्म व फाइनेंस सिटी पर भी चर्चा करेंगे।